शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल– registrarsnpv@gmail.com , वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमाँक.580 / अका. / प्रवेश 2022–23 / 2022 रायगढ़, दिनाँक 12.07.2022

–:: अधिसूचना ::–

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2022–23 हेतु जारी अकादमिक कैलेण्डर एवं प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के परिपालन में इस विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत स्थित समस्त संबद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2022–23 में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर एवं विधि पाठ्यक्रम (एल.एल.बी.) के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु निम्नानुसार समय–सारिणी जारी की जाती है:–

<u>स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर एवं विधि (एल.एल.बी.) प्रथम सेमेस्टर प्रवेश–प्रथम चरण</u>

सरल क्रमांक	विवरण	तिथि / दिनांक
1.	प्रथम चरण में ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर एवं विधि (एल.एल.बी.) पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पंजीयन (पंजीयन शुल्क भुगतान सहित) प्रारंभ होने की तिथि	12.07.2022 से
2.	प्रथम चरण में ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर एवं विधि (एल.एल.बी.) पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश पंजीयन (पंजीयन शुल्क भुगतान सहित) की अंतिम तिथि	20.07.2022 रात्रि 12:00 बजे तक
3.	प्रथम चरण में महाविद्यालयों द्वारा कॉलेज लॉगिन के माध्यम से आवेदको की सूची डाउनलोड कर प्रथम मेरिट सूची जारी कर प्रवेश देने की प्रारंभिक तिथि	21.07.2022 से
4.	प्रथम चरण में प्रथम मेरिट सूची के छात्र–छात्राओं को प्रवेश देने की अंतिम तिथि	26.07.2022 सायं 05:30 बजे तक
5.	प्रथम चरण में द्वितीय मेरिट सूची जारी कर प्रवेश देने की प्रारंभिक तिथि	27.07.2022 से
6.	प्रथम चरण में द्वितीय मेरिट सूची के छात्र–छात्राओं को प्रवेश देने की अंतिम तिथि	30.07.2022 तक
7.	प्रथम चरण में द्वितीय मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश दिये जाने के उपरांत भी यदि सीटे रिक्त है एवं पर्याप्त आवेदन प्राप्त हुए है, उस स्थिति में नियमानुसार मेरिट सूची जारी कर प्रवेश देने की अंतिम तिथि	05.08.2022 सायं 05:00 बजे तक

प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया किये जाने के बाद भी यदि महाविद्यालयों में सीटे रिक्त हो तो द्वितीय चरण में प्रवेश संबंधी निम्नानुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर एवं विधि (एल.एल.बी.) प्रथम सेमेस्टर प्रवेश–द्वितीय चरण

सरल क्रमांक	विवरण	तिथि / दिनांक
1.	द्वितीय चरण में ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर एवं विधि (एल.एल.बी.) पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पंजीयन (पंजीयन शुल्क भुगतान सहित) प्रारंभ होने की तिथि	06.08.2022
2.	द्वितीय चरण में ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर एवं विधि (एल.एल.बी.) पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश पंजीयन (पंजीयन शुल्क भुगतान सहित) की अंतिम तिथि	10.08.2022 रात्रि 12:00 बजे तक
3.	द्वितीय चरण में प्रवेश पंजीयन (पंजीयन शुल्क भुगतान सहित) की उपरोक्तानुसार अंतिम तिथि उपरांत महाविद्यालयों द्वारा कॉलेज लॉगिन के माध्यम से आवेदको की सूची डाउनलोड कर नियमानुसार मेरिट सूची जारी कर प्रवेश देने की अंतिम तिथि	16.08.2022 सायं 05:00 बजे तक

उपरोक्तानुसार प्रवेश प्रक्रिया संपादित किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें महाविद्यालयों द्वारा नियमानुसार प्रवेश दिये जाने के उपरांत प्रवेशित छात्र–छात्राओं की आई.डी. महाविद्यालय लॉगिन के माध्यम से परीक्षण उपरांत सावधानीपूर्वक लॉक किया जाना अनिवार्य होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित प्रवेश प्रभारी की होगी। संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य संपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया में सत्र 2022–23 के लिए जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत का अनिवार्यतः पालन कराएंगे।

संबंधित महाविद्यालय उपरोक्तानुसार आवश्यकता होने पर द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया हेतु महाविद्यालयों को प्रदान किये गये कॉलेज लॉगिन के माध्यम से पोर्टल रिओपन रिक्वेस्ट कर सकेंगे।

नोटः– किरोडीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में एवं टी.सी.एल महाविद्यालय, जांजगीर में संचालित एल.एल.एम. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के संबंध में अधिसूचना, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा किरोडीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ महाविद्यालय के स्नातक अंतिम वर्ष एवं टी.सी.एल महाविद्यालय, जांजगीर–चांपा के एल.एल.बी. भाग–03 के अंतिम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत पृथक से जारी की जायेगी।

आदेशानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)

रायगढ़, दिनांक 12.07.2022

पृ.क्र. 501 / अका. / प्रवेश 2022–23 / 2022

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ ।
2. अपर संचालक क्षेत्रीय कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग, बिलासपुर को सूचनार्थ।
3. वित्ताधिकारी शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
4. उप कुलसचिव (परीक्षा–गोपनीय) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
5. प्राचार्य समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
6. कार्यालयीन प्रति।

प्रभारी अधिकारी (अकादमी)